» न्यूज-ब्रीफ

स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए वाहन रैली निकाल कर दिया संदेश

चाकसू (सीमा सन्देश सं)। यहां बुधवार को प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत के सपने को पूरा करने के को एन.एच.ए.आई. जयपुर के निर्देशन में चन्दलाई-बरखेड़ा टोल प्लाजा पर आई.आर.बी. कंपनी द्वारा आम जनता में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए वाहन रैली निकली गई है और वही जिसमे आम जनता से स्वच्छता में अपनी भागीदारी को पूर्ण रूप से निभाने का सन्देश रैली के माध्यम से दिया गया है और टोल प्लाजा जनरल मैनेजर गंगाधर पाइकराव , टोल प्लाजा प्रबंधक अरविन्द गौतम, एवं इन्का कम्पनी के मैनेजर मुकेश चारण ने रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया है । और आसपास क्षेत्र में साफ सफाई अच्छी रहेगी तो बीमारी से ग्रसित नहीं होंगे आम जन और सभी का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और साथ ही पर्यावरण प्रदूषण पर भी रोक लगेगी वही इस मौके पर रैली के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि सबको मिलजुल कर स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिए जो भी गंदी वस्तु है उनको डस्टबिन या कूड़ादन में ही डालना चाहिए जिससे स्वच्छता बनी रहे।

पूर्व पार्षद सुनीता सैनी जिलाध्यक्ष मनोनीत

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा की प्रदेशाध्यक्ष महिला विग गीता सोलंकी ने कस्बे के वार्ड नं. 06 लक्ष्मी नगर निवासी पूर्व पार्षद सुनीता सैनी को महासभा की कोटपूतली-बहरोड़ महिला विग जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। सुनीता सैनी के जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर समाज की महिलाओं में खुशी की लहर है। सैनी महासभा का शपथ समारोह व परिचय सम्मेलन 29 सितंबर रविवार को मीरा मैरिज गार्डन बानसूर में आयोजित होगा। इस मौके पर बबलू बबेरवाल, पत्रकार बिल्लूराम सैनी, रामस्वरूप सैनी, गंगाराम सैनी, सुभाष जमालपुरिया, एड. विजय सैनी, उदय तौंदवाल, सुगन सैनी, रामरतन सैनी, राजेंद्र सैनी, रामजीलाल सैनी, रामौतार सैनी, आनंद सैनी, मोनू सैनी समेत अन्य ने सुनीता सैनी को बधाई दी।

छात्र समीर ने 68वीं राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। कस्बे के गौशाला रोड़ स्थित ग्रीन वैली सीनियर सैकण्डरी स्कूल के छात्र समीर ने 68 वीं राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप (अंडर-17 आयु वर्ग) 40 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता है। चैम्पियनशिप 17 से 19 सितम्बर तक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मल्टीपर्पज स्कूल, गंगानगर में आयोजित की गई थी। स्कूल के निदेशक महेश जमालपुरिया, प्रिंसिपल अशोक कुमार सैनी व स्टॉफ सदस्यों ने छात्र समीर को पदक प्रदान कर व माला पहनाकर सम्मानित किया। प्रिंसिपल अशोक कुमार सैनी ने हर्ष व्यक्त करते हुये कहा कि समीर ने कोटपूतली-बहरोड़ जिले से अंडर-17 आयु वर्ग में पदक हांसिल कर विधालय का नाम रोशन किया है।

सीएलजी सदस्यों, ग्राम रक्षक दल एवं पुलिस मित्रों की बैठक आयोजित

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। स्थानीय पुलिस थाने में मंगलवार को सीएलजी सदस्यों, ग्राम रक्षक दल एवं पुलिस मित्रों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें व्यापारियों द्वारा कस्बे की विभिन्न समस्याओं से पुलिस अधिकारियों को अवगत करवाया गया। डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखना पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है। जिसमें सभी व्यापारियों एवं आमजन का सहयोग जरूरी है। सीएलजी सदस्यों ने मुख्य रोड़ पर बने डिवाईडर को हटाने, मुख्य मार्ग पर सब्जी ठेली वालों द्वारा अतिक्रमण करने, समुचित पार्किंग व्यवस्था उपलब्ध करवाने सहित विभिन्न समस्यायें रखी। थानाधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि नगर परिषद के सहयोग से पालिका तिराहे पर पार्किंग चालू की गई है। उन्होंने व्यापारियों से अपनी दुकान के बाहर समान नहीं रखने एवं अपने वाहन निर्धारित स्थान पर खड़े करने का आह्वान किया। बैठक में बृजभूषण कौशिक, प्रदीप अग्रवाल, सुरेश मोठूका, सुरेश शर्मा, इरफान कुरैशी, आनंद सैनी, इंद्राज खिंपल, अमरसिंह कुमावत, अशोक रावत सहित अनेक सीएलजी सदस्य मौजूद रहे।

जल जीवन मिशन के तहत रुके हुए कार्यों को शीघ्र प्रारम्भ करवाएं : अग्रवाल

- जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की मासिक बैठक का आयोजन
- जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने विमुक्त, घुमंतू व अर्ध घुमंतु परिवारों के पट्टा आवंटन (ग्रामीण) को लेकर दिये आवश्यक दिशा निर्देश

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की मासिक बैठक का आयोजन बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में हुआ। जिला कलक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत जहां भी कार्य रुके हुये हैं, वहां अतिशीघ्र कार्य प्रारम्भ करवायें। आवश्यकतानुसार संवेदकों को ब्लैक लिस्ट करने की भी कार्यवाही करें। प्रगति अपेक्षित नहीं होने पर संबंधित संवेदक को नोटिस दे और नियमानुसार कार्यवाही की जायें। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी स्वयं के स्तर पर लापरवाही ना करें जिससे कार्यों की पेंडेंसी बढ़े।

कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने ब्लॉकवार प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा कर कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करवाने के निर्देश प्रदान किये। पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता रामकरण मीणा ने जल जीवन मिशन की जिले की भौतिक प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि जल जीवन मिशन के तहत जिले के करीब सभी 560 गांवों हेतु स्वीकृतियां जारी की जा चुकी है। जिसमें से 518 गांवों के कायार्देश जारी हो गये है एवं कार्य चल रहे है।

जिले में अभी तक 17 गांवों का हर घर जल प्रमाणीकरण पूर्ण करा लिया गया है एवं आगामी कुछ समय में लाभान्वित शेष 99 गावों का हर घर जल प्रमाणीकरण ग्राम सभाओं के माध्यम से करवाया जायेगा। बैठक पीएचईडी विभाग के उपखंड एवं जिला स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

विमुक्त, घुमंतू व अर्ध घुमंतु परिवारों के पट्टा आवंटन (ग्रामीण) को लेकर दिये दिशा निर्देश :- जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु परिवारों को पट्टा आवंटन (ग्रामीण) के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नियमानुसार प्रत्येक पात्र परिवार को 02 अक्टूबर को पट्टे आवंटित किये जाने हैं। जिसके लिए विकास अधिकारी संबंधित उपखंड अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर आवंटित लक्ष्यों के अनुसार पट्टा वितरण की कार्यवाही के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ले तथा कोई भी पात्र परिवार वंचित ना रहे। इस दौरान एसीईओ रामनिवास, विकास अधिकारी, आईसीडीएस, जेवीवीएनएल पीएचईडी विभाग के उपखंड एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर का हुआ आयोजन

बस्सी (सीमा सन्देश सं)। श्रीमती नर्मदा देवी डगायच राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बस्सी में राष्ट्रीय सेवा योजना का एकदिवसीय सूअर का आयोजन किया गया विद्यालय प्रांगण एवं कमरों की साफ सफाई की गई तथा संस्था की सेवा है स्लोगन लेकर कस्बे में जाकर रैली निकाली गई फिर पेड़ पौधों की कटाई की गई एवं वृक्षारोपण का कार्य किया गया पौधों में पानी डालकर सिंचाई की गई शाला प्रभारी एवं एनएसएस प्रभारी किशनलाल ने स्वास्थ्य के महत्व के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों एवं कर्तव्य के बारे में विस्तार से अवगत कराया और सहयोगिकी के रूप में मुकेश पाल मीणा, महेंद्र शर्मा, अभिषेक मीणा, मुकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

RAJASTHAN HOUSING BOARD

No. :- 475 Dated :- 23/09/2024

NIT : 04/2024-25

Maintenance of electric work at H.O. Building Jyoti Nagar, Jaipur. are invited from interested bidders from 01.10.2024 to 10.10.2024 up to 6.00 PM. Other particular of bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state & http://urban.rajasthan.gov.in/rhb Department Website. UBN No. :- RHB2425WSOB00193

Raj.Samwad/C/24/5709 RESIDENT ENGINEER, DIV-I, JAIPUR

कार्यालय ग्राम पंचायत प्रेमपुरा पंचायत समिति कुचामन सिटी (नागौर)

क्रमांक :- ग्राप/लेखा/263 दिनांक :- 28/8/24

ई-निविदा सूचना 01/2024-25

ग्राम पंचायत प्रेमपुरा पंचायत समिति कुचामन सिटी के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 में महानरेगा योजनाओं में कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु सक्षम श्रेणी के संवेदकों व विनिमार्ताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण बेब पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाएं निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायगी।

NIB-PKV2425A0049
UBN-PKV2425GLOB00054

सरपंच
ग्राम पंचायत प्रेमपुरा
पंचायत समिति कुचामन सिटी

कम्प्यूटर ऑपरेटरों द्वारा नियुक्ति आदेश जारी कराने की मांग

- मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर व सीएमएचओ को सौंपा ज्ञापन

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। अखिल राजस्थान संविदा कम्प्यूटर ऑपरेटर महासंघ मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजना दवा योजना के बैनर तले कम्प्यूटर ऑपरेटरों द्वारा नियुक्ति आदेश जारी कराने के लिये मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर एवं सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान (दवा) योजनान्तर्गत 2532 संविदा मशीन विद मैन (कम्प्यूटर ऑपरेटर) कार्यरत है। जिसकी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (ग्रुप-2) विभाग राजस्थान की स्वीकृति संख्या 82/2023-24 दिनांक 25.08.2023 एवं निदेशालय के आदेश क्रमांकः निदे./चिकि. एवं स्वा./ म.वि.मैन/ 2023/920 दिनांक 20.09.2023 के द्वारा दस्तावेज सत्यापन सम्बन्धित चिकित्सा संस्थान, ब्लॉक, जिला, जोन एवं निदेशालय स्तर पर सत्यापित कर संविदा रूल्स 2022 में सम्मिलित किये जाने कि अभिशंषा की जा चुकी है परन्तू विभाग द्वारा आज दिनांक तक नियुक्ति पत्र जारी नहीं किये गये है।

यदि 27 सितम्बर तक नियुक्ति पत्र जारी नहीं किये जाते है तो 30 सितम्बर को जयपुर में सांकेतिक धरना प्रदर्शन एवं स्वास्थ्य भवन का घेराव किया जायेगा।

इस दौरान जयसिंह धनकड़, राहुल जोशी, महिपाल यादव, राजेश आर्य, विक्रम यादव, अंजनी शर्मा, सुनील कुमार बुनकर, रमेश समेत अन्य कम्प्यूटर ऑपरेटर मौजूद रहे।

सर्व समाज को बीजेपी की सदस्यता ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया

बाड़ी (सीमा सन्देश सं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर बैठक का हुआ आयोजन। मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री गौरव परमार(बुल्टी सिंह) एवं जिला अध्यक्ष शिवम कौशिक की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर पुष्प माला एवं दीप प्रज्वलित कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर प्रकाश डाला गया एवं सर्व समाज को बीजेपी की सदस्यता ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया गया तथा प्रोग्राम में उपस्थित विपुल सिंह परमार पूर्व प्रधान बसेड़ी , भाजपा मंडल मंत्री महेंद्र सिंह कोहली एवम भाजपा मंडल अध्यक्ष बसेड़ी भैरो बाबा , विजेंद्र एवं समस्त विचारको ने उपस्थित हों पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को जन-जन तक फैलने का प्रण लिया.... जिसकी बैठक बसेड़ी ,स्नल्लु बैंक के पास किशोरी कुंज पर की गई।

जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

कार्यालय संभागीय मुख्य अभियंता (जयपुर संभाग)

प्रसन्नता सदैव सुलभ पुराना पॉवर हाऊस, बनीपार्क, जयपुर टेलीफैक्स : 0141 – 2201489, इमेल: zcejz@jvvnl.org

ई– निविदा सूचना

ई–निविदा दो भागों में (तकनीकी–वाणिजियक), सचिव जयपुर विकास प्राधिकरण, संघरिया, जयपुर के पक्ष में नए एचटी एलआईपी कनेक्शन 33 केवी आपूर्ति वोल्टेज पर जारी करने का कार्य सहायक अभियंता (एचटीएम–डीडी–II) जेपीडी, जयपुर, जयपुर डिस्कॉम के जयपुर जिला सर्कल – दक्षिण के अधिकार क्षेत्र में टीएन – 76 के तहत एआरसी पर योग्य निविदादाताओं से श्रम दर पर आमंत्रित किये जाते है। योग्य निविदादाता सम्पूर्ण निविदा संबंधित दस्तावेज ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 26.09.2024 से डाउनलोड कर सकते है। निविदायें ऑनलाईन ई– पोर्टल पर दिनांक 07.10.2024 को सांय 05:00 बजे तक ही स्वीकार की जावेगी। निविदा संबंधी जानकारी कार्य का विवरण इत्यादि जयपुर विद्युत वितरण निगम की वेब साईट www.energy.rajasthan.gov.in/jvvnl, http://www.sppp.rajasthan.gov.in & http://eproc.rajasthan.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

UBN:VVN2425WSOB00619

जेपीआर–2887 (2024) संभागीय मुख्य अभियंता (जयपुर संभाग)

राज.संवाद/सी/24/5680 बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507

व्यापार महासंघ के विभिन्न मुद्दों को लेकर बैठक का आयोजन

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। स्थानीय नगर परिषद कार्यालय में बुधवार को आयुक्त धर्मपाल जाट एवं नगर व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में व्यापार महासंघ के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। आयुक्त धर्मपाल जाट ने सभी मुद्दों पर अपनी प्रोग्रेस रिपोर्ट से व्यापारियों को अवगत कराते हुए जल्द से जल्द कार्यों को पूरा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी व्यापारियों की उचित मांगे मानी जायेगी। उल्लेखनीय है कि व्यापारियों को पूर्व में नगर परिषद द्वारा डिवाईडर को हटाने, मुख्य बाजारों में शौचालय का निर्माण करने, टूटे हुये रोड़ को दुरुस्त करने, बाजारों में पानी निकासी की व्यवस्था करने, रात्रि गश्त बढ़ाने, बाजारों में लाईट व सीसीटीवी कैमरे लगाने सहित अनेक आश्वासन दिये गये थे। परन्तु एक माह बाद भी नगर परिषद द्वारा कोई व्यवस्था नहीं करने से व्यापारियों ने गुरूवार 26 सितम्बर को सभी बाजार बंद रखने का निर्णय लिया था। अब नगर व्यापार महासंघ द्वारा गुरूवार 26 सितम्बर के बाजार बंद को वापिस ले लिया है।

पालनहार योजना में सत्र 2024-25 के लिए शीघ्र करवाएं सत्यापन

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित पालनहार योजना राज्य की कल्याणकारी एवं स्टेट फ्लैगशिप स्कीम है। उक्त योजना में लाभार्थियों को प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में वार्षिक सत्यापन/नवीनीकरण करवाया जाना आवश्यक होता है।

शैक्षणिक सत्र में नवीनीकरण/सत्यापन करवाये जाने के अभाव में लाभार्थियों के लाभ की राशि रूक जाती है। प्रत्येक शैक्षणिक सत्र के प्रारम्भ में 0 से 6 वर्ष तक के बालक/बालिकाओं का आंगनबाड़ी केन्द्र का पंजीकरण प्रमाण पत्र एवं 6 से 18 वर्ष का शैक्षणिक सत्र में स्कूल में अध्ययनरत होने का प्रमाण पत्र नजदीकी ई-मित्र से अपलोड करवाकर नवीनीकरण किया जाना आवश्यक है। इस हेतु जिला कलक्टर द्वारा सम्बंधित विभाग शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, पंचायती राज, नगर निकाय, सूचना एवं प्रौधोगिकी विभाग आदि को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से लम्बितों की सूची प्राप्त कर आगामी 15 दिवस में नवीनीकरण करवाने हेतु आदेश जारी किये है। योजना से जुड़े सभी लाभार्थी जिन्होंने सत्र 2024-25 में बच्चों का वार्षिक सत्यापन नहीं कराया है, वे स्कूल/ आंगनबाड़ी से अध्ययन प्रमाण पत्र बनवाकर नजदीकी ई-मित्र या मोबाइल एप के माध्यम से सत्यापन करावे।

खोया- पाया

कस्बा पिलानी की सरहद में खसरा नंबर-1133 में से एक भूखंड जो की मूल खातदार श्योबाई पत्नी श्री अमराराम मेघवाल, निवासी-पिलानी, लक्ष्मी कॉलोनी, वार्ड नंबर -17 पिलानी, से दीपक पुत्र दयानंद, जति- जाट, निवासी - सीरसली तहसील चरखी दादरी, जिला- भिवानी हरियाणा द्वारा नोटरी पर भू-खंड , क्रय किया था। जिसमें मैंने दीपक पुत्र दयानंद जाति जाट निवासी सरसली तहसील चरखी दादरी जिला भिवानी हरियाणा से नोटरी पर एक भू-खंड मय माकानात खरीदा था। जिसकी मूल खातेदारी कहीं गुम हो गई है। बहुत देखने के बाद भी कहीं पर नहीं मिली। जिसकी पिलानी पुलिस थाना में दिनांक 24/ 9 /2024 को गुम होने की रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है। किसी सज्जन को उक्त नोटरी दस्तावेज मिले तो कृपा सूचित करें।

कविता पत्नी राजेशकुमार, जाति-खाती, उम्र 36 वर्ष, निवासी- धींधवा सर्किल के पास, लक्ष्मी कॉलोनी, वार्ड नंबर 17 पिलानी

पेयजल संकट से त्रस्त महिलाओं का फूटा गुस्सा

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। कस्बे के लक्ष्मीनगर समेत अन्य स्थानों पर पेयजल समस्या से त्रस्त महिलाओं का बुधवार को गुस्सा फूट पड़ा। गुस्साई महिलाओं ने जलदाय विभाग के कार्यालय के बाहर जमकर विरोध-प्रदर्शन करते हुये विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। महिलाओं ने बताया कि विगत कई दिनों से नलों में पानी नहीं आ रहा है। पेयजल समस्या गहराने से स्थानीय लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। जिम्मेदारों को अवगत करवाने के बाद भी कोई समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि लोगों को निजी टैंकरों का सहारा लेना पड़ रहा है। निजी टैंकर वाले भी मनमाना दाम वसूल रहे है। महिलाओं ने पेयजल आपूर्ति सुचारू करने की मांग की। महिलाओं के विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यालय में अधिकारी नहीं मिले। जेईएन हंसराज गुर्जर ने फोन पर महिलाओं से बात कर उनकी समस्या सुनते हुये पेयजल आपूर्ति में सुधार का आश्वासन दिया।

जन्मदिवस पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत नगर परिषद व प्रैस क्लब के सयुंक्त तत्वाधान में गुरूवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कोटपूतली प्रैस क्लब के अध्यक्ष अमित यादव के जन्मदिवस पर लेक हॉउस एसपी कार्यालय के पीछे 51 पेड़-पौधे लगाये गये। पत्रकारों ने एक-एक पेड़ माँ के नाम लगाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। नगर परिषद एक्सईएन दीपक मीणा, एईएन मुकेश कुमार सैनी सहित परिषद की टीम ने भी वृक्षारोपण किया। समाजसेवी रतनलाल शर्मा ने अपनी टीम के साथ वृक्षारोपण में सहयोग किया। इस दौरान स्वतंत्र पत्रकार आनंद पंडित, पत्रकार विपिन कौशिक, रमेश बंसल, राजेंद्र शर्मा, बालकृष्ण शुक्ला, मक्खनलाल जांगिड़, धर्मवीर कुमावत, रामप्रकाश बंसल, विक्रांत शर्मा, गिरिराज नायक, प्रवीण बंसल, प्रदीप बंसल, एड. बलदेव मीणा, एड. रत्नश्वर यादव, इंद्राज आर्य, अशोक आर्य समेत अन्य मौजूद रहे।

टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड

TATA

पंजीकृत पता : 11 वां तल, टॉवर ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोवर परेल, मुम्बई-400013, CIN No.U67190MH2008PLC187552

डिमांड नोटिस

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") की धारा 13(2) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 ("नियम") के नियम 3 के अधीन

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (टीसीएचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधिनियम के अधीन तथा धारा 13(12) सहपठित नियमों के नियम 3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे सूचीबद्ध ऋणधारक(ों)/सह-ऋणधारक(ों)/जमानतदार(ों)(समस्त को एकल या "उपकृतों" सहित)/विधिक वारिस(ों)/विधिक प्रतिनिधि(यों) को डिमांड नोटिस/ों में उल्लेखित राशि यह नोटिस मिलने की तिथि से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने के लिए बुलाने के लिए अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत नीचे दी गई तिथि को पूर्व में ही विस्तृत नोटिस जारी किये थे। इन नोटिस की प्रति पंजीकृत डाक ए.डी. से तामिल करवाई गई और अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास उपलब्ध हैं और ये उपकृत/विधिक वारिस/विधिक प्रतिनिधि, यदि आवश्यकता समझें तो अधोहस्ताक्षरकर्ता से किसी भी कार्यदिवस पर सामान्य कार्यालय घंटों में अधोहस्ताक्षरकर्ता से इसकी प्रति प्राप्त कर सकते हैं।

उपरोक्त के अनुसरण में, एक बार पुनः यहां यह नोटिस इन उपकृत(ों)/विधिक वारिस(ों)/विधिक प्रतिनिधि(यों) को दिया जा रहा है कि इस नोटिस की तिथि से 60 दिनों के भीतर, नीचे उनके नाम के सामने अंकित दिखाई गई राशि का नीचे कॉलम (डी) में दर्शायी गई तिथि से भुगतान और/या वसूली की तिथि तक सहपठित ऋण अनुबंध और अन्य दस्तावेजों/लिखत, जो कोई, इन उपकृत(ों) द्वारा निष्पादित किया गया है, के अनुसार आगामी ब्याज सहित टीएसीएचएफएल को भुगतान करें। **ऋण की बकाया राशि के लिए प्रतिभूति के रूप में, इन उपकृत(ों) द्वारा टीसीएचएफएल को निम्न सुरक्षित आस्ति(यां) बंधक रखी हुई हैं।**

ऋण खाता संख्या	उपकृत(ों)/विधिक वारिस(ों)/विधिक प्रतिनिधि(यों) का नाम	नीचे दी गई तिथियो के अनुसार कुल बकाया देय (रु.)	मांग सूचना की तिथि
9828843	प्रीति अग्रवाल (ऋणधारक) और श्री दीपक वर्मा (सह-ऋणधारक)	16/09/2024 के अनुसार, राशि रुपये 26,61,953/- (रु छब्बीस लाख इकसठ हजार नौ सौ तिरेपन मात्र)	16.09.2024 और 07.09.2024

सुरक्षित आस्तियों / अचल संपत्तियों / बंधक संपत्तियों का विवरण: ग्राम सुखिया, प्रोजेक्ट मिरस एम्पल, जयपुर -302001 (राजस्थान) के खसरा संख्या 205, 206 और 209 में समाहित, टाईप-ए, प्लॉट संख्या एफ -04 के 04वें तल पर निर्मित 02बीएचके आवासीय फ्लैट संख्या 401 के समस्त खण्ड व हिस्से, बिल्ट अप अधिमापन क्षेत्र 867.14 स्क्वैयर मीटर्स (सकल विक्रय योग्य क्षेत्र का अधिमापन 1153.30 स्क्वैयर फीट, छत के अधिकार को छोड़कर)।

10018201	श्री पिकेश शर्मा (सह-ऋणधारक) & श्रीमती उषा देवी एवं श्री जीतेन्द्र कुमार (सह-ऋणधारक)	16/09/2024 के अनुसार, राशि रुपये 15,79,436/- (रु पंद्रह लाख उनासी हजार चार सौ छत्तीस मात्र)	16.09.2024 और 07.09.2024

सुरक्षित आस्तियों / अचल संपत्तियों / बंधक संपत्तियों का विवरण: वार्ड नंबर 6, सुभाष चौक, मुख्य बाजार, पचपहाड़, तहसील-पंचपहाड़, जिला-झालावाड़, राजस्थान 326001 स्थित संपत्ति पर घर के समस्त खण्ड व हिस्से, अधिमापन क्षेत्र 255.55 स्क्वैयर फीट (9'5 ×26'9). सीमाबद्ध इसप्रकार: उत्तर-जितेंद्र शर्मा का घर; दक्षिण: नाथूलाल आत्मजात मांगीलाल सुनार का घर, पूर्व: जगरनाथ आत्मजात मांगीलाल सुनार की भूमि और घर, पश्चिम: सड़क/रास्ता.

*उपरोक्त उल्लेखित तिथि को जारी डिमांड नोटिस में विशेष रूप से उल्लेखित दर के अनुसार भुगतान और/या वसूली की तिथि तक आगामी ब्याज व अतिरिक्त ब्याज, आकस्मिक खर्चों, लागतों, प्रभारों आदि सहित। यदि ये उपकृत(ों) टीसीएचएफएल को उक्त के अनुसार भुगतान में असफल रहते हैं तो टीसीएचएफएल इस अधिनियम की धारा 13(4) अन्य लागू नियमों के अधीन इन उपकृत(ों)/विधिक वारिस(ों)/विधिक प्रतिनिधि(यों) के लागतों व परिणाम के जोखिम पर उक्त सुरक्षित आस्ति(यों)/अचल सम्पत्ति(यों) के विरुद्ध कार्यवाही करेगी।

उक्त उपकृत(ों)/विधिक वारिस(ों)/विधिक प्रतिनिधि(यों) को इस अधिनियम के अधीन टीसीएचएफएल की पूर्व लिखित अनुमति के बिना इस सुरक्षित आस्ति(यों)/अचल सम्पत्ति के बिक्री, लीज या अन्य किसी तरीके से हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है। कोई भी व्यक्ति जो इस अधिनियम व नियमों के प्रावधानों को तोड़ेगा या बाधा पैदा करेगा वह अधिनियम के अनुसार कैद और/या जुर्माने का भागी होगा।

दिनांक: 26-09-2024 हस्ता/-प्राधिकृत अधिकारी

स्थान : जयपुर कृते टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड

कार्यक्रम छात्राओं को भविष्य में बढ़ते साईबर क्राईम से आने वाली चुनौतियों को बताया

साईबर अपराध पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। डाबला रोड़ स्थित श्रीमती पाना देवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के आमुखीकारण शिविर के दूसरे दिन कोटपूतली पुलिस के साईबर क्राईम सैल के सहयोग से साईबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता सहायक उपनिरीक्षक श्याम सुंदर ने छात्राओं को अपना निजी डाटा सुरक्षित रखने तथा अनजान वेब लिंक व अनजान मोबाईल कॉल से सावधान रहने तथा साईबर ब्लैकमेलिंग से बचने के तरीके बताये। उन्होंने टोल फ्री नंबर 1930 पर तत्काल सूचना देने व जागरूक रहने तथा सतर्क रहने का आह्वान किया। विशिष्ठ अतिथि साईबर सैल अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने छात्राओं को साईबर अपराध के विभिन्न प्रकार व बचाव के तरीकों से अवगत करवाया। उन्होंने छात्राओं को भविष्य में बढ़ते साईबर क्राईम से आने वाली चुनौतियों को बताया तथा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सावधानी से उपयोग करते हुये अपने मोबाईल में बैंकिंग संबंधी पासवर्ड, ई-मेल और अन्य एप पर पासवर्ड समय-समय पर बदलते रहने का सुझाव दिया। साथ ही अनजान नंबर से कॉल आने पर धैर्य रखने तथा क्रॉस चेक करना आवश्यक रूप से जरूरी होने की सलाह दी। अध्यक्षता करते हुये प्राचार्य प्रो. आरपी गुर्जर ने छात्राओं को जागरूक होने के साथ-साथ शिक्षित व्यक्ति में व्यवहारगत परिवर्तन करने व समाज एवं देश के लिये सक्रिय योगदान देने के प्रति तत्पर रहने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में एक सृजनशील वातावरण बनाने के लिए अतिशीघ्र निजी कंपनियों के सहयोग से गतिविधियां प्रारंभ की जायेंगी।

कार्यक्रम अधिकारी प्रतिभा पोसवाल ने अतिथियों का स्वागत किया व प्रिया खंगरावत ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन करते हुए एन.एस.एस. नोडल अधिकारी प्रो. जगराम गुर्जर ने छात्राओं को एक सजग नागरिक होने व स्वच्छता के मूल्यों के प्रति जागरूक रहने के साथ-साथ साईबर अपराध से बचने के लिये जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान महाविद्यालय की छात्राओं सहित राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकायें व स्टॉफ मौजूद रहा।

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट -IV-A अचल सम्पत्ति/यों की ई-नीलामी-सार्वजनिक बिक्री सूचना

प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन नियम, 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

पंजीकृत कार्यालय : नौवां तल, अंतरिक्ष भवन, 22, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110 001 फोन : 011-23357171, 23357172, 23705414, वे